National Education Society for Tribal Students (NESTS)

Ministry of Tribal Affairs, Government of India

जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार

कार्यालय प्राचार्य

OFFICE OF THE PRINCIPAL

एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय (EMRS)

चित्रकूट, जिला सतना (म.प्र.)

अतिथि शिक्षक भर्ती नियम पुस्तिका

(GUEST TEACHER RECRUITMENT RULEBOOK)

शैक्षणिक सत्र 2026-27

विज्ञापित पद (Advertised Posts)	TGT (हिंदी) - 01 पद
अधिसूचना क्रमांक (Notification No.)	EMRS-CKT/Recruitment/2026-27/01
आवेदन प्रारंभ तिथि	17-11-2026
आवेदन अंतिम तिथि	21-11-2026 (11:59 PM)

VERSION (FINAL OFFICIAL STATUTORY COMPLIANCE EDITION)

- यह नियम पुस्तिका एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, चित्रकूट की अतिथि शिक्षक भर्ती हेतु आधिकारिक वैधानिक प्रकाशन है।
- NESTS के नवीनतम दिशा-निर्देश एवं नियम इस पुस्तिका पर सर्वोपरि रहेंगे।
- आवेदन करने से पूर्व सभी नियमों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।

आधिकारिक भर्ती आदेश (OFFICE ORDER)

राष्ट्रीय जनजातीय छात्र शिक्षा समिति (NESTS), जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय (EMRS) चित्रकूट में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए शिक्षण व्यवस्था सुचारु रखने हेतु स्थानीय स्तर पर अस्थायी एवं संविदात्मक आधार पर अतिथि शिक्षक (Guest Faculty) के रूप में प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (TGT) - हिंदी के एक (01) पद पर नियुक्ति की जानी है।

इस नियुक्ति की चयन प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी, निष्पक्ष एवं मेरिट (योग्यता) पर आधारित होगी। चयन प्रक्रिया को निष्पक्ष बनाए रखने हेतु यह भर्ती नियम पुस्तिका (Recruitment Rulebook) जारी की जा रही है। इस प्रक्रिया पर लागू सभी नियम इस पुस्तिका में विनिर्दिष्ट हैं, जिनमें नियुक्ति, मूल्यांकन पद्धति, प्रतिष्ठानिक शर्तें एवं प्रशासनिक सेवाओं का प्रावधान सम्मिलित है।

प्राचार्य / Principal

Eklavya Model Residential School (EMRS)

Chitrakoot, District Satna (M.P.)

नियम पुस्तिका का उद्देश्य (Purpose of Rulebook)

विद्यालय में अध्ययनरत जनजातीय छात्र-छात्राओं को बिना किसी व्यवधान के गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना इस अस्थायी व्यवस्था का प्राथमिक ध्येय है। यह नियम पुस्तिका एक विधिक एवं प्रतिष्ठानिक ढाँचा स्थापित करती है जिससे किसी भी स्तर पर होने वाली भर्ती में पारदर्शिता बनी रहे, अनुचित प्रभाव, गलत सूचना या कूटरचित दस्तावेज़ों की प्रस्तुति की संभावना समाप्त हो सके तथा योग्य व्यक्तियों का चयन सुनिश्चित हो।

यह नियम पुस्तिका NESTS (National Education Society for Tribal Students) के नियमों एवं दिशा-निर्देशों के आधार पर तैयार की गई है। चयन प्रक्रिया के प्रत्येक स्तर पर NESTS के वैधानिक प्रावधानों का कठोरता से पालन किया जाएगा।

खण्ड - क (SECTION-A): सामान्य भर्ती नियम (COMMON RECRUITMENT RULES)

अध्याय 1: सामान्य नियम एवं परिभाषाएँ

1.1 भर्ती प्राधिकारी (Recruitment Authority): एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय (EMRS) चित्रकूट के लिए निर्धारित सभी नियमों के अनुसार तात्कालिक एवं अतिथि शिक्षक व्यवस्था (Guest Faculty Arrangement) की यह प्रक्रिया संचालित की जाएगी। प्राचार्य अथवा चयन समिति के सदस्य इस प्रक्रिया में शिक्षकों के चयन हेतु अधिकृत होंगे।

1.2 नियुक्ति की प्रकृति (Nature of Appointment): यह नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी एवं संविदात्मक है। नियमित शिक्षक की नियुक्ति अथवा शैक्षणिक सत्र (2026-27) की समाप्ति (जो भी पहले हो) पर यह संविदात्मक नियुक्ति स्वतः समाप्त मानी जाएगी।

1.3 मानदेय (Honorarium): चयनित अतिथि शिक्षक को मासिक आधार पर दी जाने वाली निश्चित समेकित राशि मानदेय होगी, जो किसी नियमित वेतनमान का प्रतिनिधित्व नहीं करती।

1.4 संक्षिप्त रूप: NESTS: National Education Society for Tribal Students | EMRS: Eklavya Model Residential School | TGT: Trained Graduate Teacher | CTET: Central Teacher Eligibility Test | STET: State Teacher Eligibility Test | B.Ed.: Bachelor of Education.

अध्याय 2: सामान्य पात्रता एवं मानदेय

2.1 मानदेय नीति (Honorarium Policy): विज्ञापित सभी पदों के लिए देय मानदेय का भुगतान निम्नलिखित मानदंडों के अनुसार किया जाएगा:

- NESTS निर्धारित शैक्षणिक योग्यता धारक होने पर: ₹ 33,000/- प्रति माह निश्चित समेकित मानदेय देय होगा।
- NESTS निर्धारित योग्यता धारक न होने पर (NESTS मानदंडों के अनुसार अनुमेय न्यूनतम योग्यता की श्रेणी में): ₹ 29,000/- प्रति माह निश्चित समेकित मानदेय देय होगा।

मानदेय का भुगतान कार्य-दिवस, उपस्थिति की स्थिति एवं संतोषजनक प्रदर्शन के आधार पर ही किया जाएगा।

2.2 आयु नियम (Age Rules): आयु सीमा: 01 जुलाई 2026 की स्थिति में सभी श्रेणी के शिक्षकों के लिए अधिकतम आयु सीमा 65 वर्ष है। (Upper Age Limit for all categories of teachers is 65 Years as on 1st July 2026.

2.3 सामान्य पात्रता (General Eligibility): राष्ट्रीयता (Nationality): आवेदक का भारत का नागरिक होना शिक्षक चयन के लिए अनिवार्य है।

2.4 अनुभव संबंधी अनिवार्य नियम (Mandatory Experience Rules): विज्ञापित पद (TGT हिंदी) के अनुभव मूल्यांकन हेतु निम्नलिखित नियम लागू होंगे:

- न्यूनतम 90 कार्य-दिवस नियम: किसी भी शैक्षणिक/कार्यानुभव को केवल तभी मान्य किया जाएगा जब अभ्यर्थी ने संबंधित विद्यालय में एक सत्र में न्यूनतम 90 कार्य-दिवस की निरंतर सेवा पूर्ण की हो। 90 कार्य-दिवस से कम का अनुभव मान्य/गणनीय नहीं होगा।
- PGT अनुभव की वैधता: यदि कोई अभ्यर्थी PGT (Post Graduate Teacher) स्तर का अनुभव प्राप्त कर चुका है, तो वह TGT पद के अनुभव हेतु भी मान्य होगा, बशर्ते वह अभ्यर्थी विज्ञापित TGT पद की समस्त अनिवार्य योग्यताओं (Essential Qualifications) को पूर्ण करता हो।
- KVS अनुभव: केंद्रीय विद्यालय संगठन (KVS) अथवा अन्य गैर-आवासीय (Non-Residential) विद्यालयों के अनुभव को गैर-आवासीय श्रेणी में गिना जाएगा। आवासीय विद्यालय अनुभव हेतु केवल EMRS, JNV, Sainik School आदि का अनुभव ही मान्य होगा।
- प्रासंगिक विषय (Relevant Subject): अनुभव केवल तभी मान्य होगा जब वह अभ्यर्थी के संबंधित (प्रासंगिक) विषय में प्राप्त किया गया हो। संबंधित विषय के अतिरिक्त अन्य विषय का अनुभव मान्य नहीं होगा।

अध्याय 3: सेवा शर्तें एवं सामान्य दायित्व

3.1 नियमितीकरण एवं अवकाश नियम (Leave Rules):

- No Regularization: यह नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी एवं संविदात्मक व्यवस्था के अंतर्गत है। इस सेवा के आधार पर भविष्य में किसी भी विभाग या विद्यालय में नियमितीकरण (Regularization) या स्थायीकरण का कोई दावा किसी भी न्यायालय या प्राधिकारी के समक्ष मान्य नहीं होगा। यह दावा पूर्णतः प्रतिबंधित एवं अस्वीकार्य होगा।
- No TA/DA: आवेदन जमा करने, दस्तावेज़ सत्यापन प्रक्रिया में सम्मिलित होने अथवा कार्यभार ग्रहण करने हेतु अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता या दैनिक भत्ता (TA/DA) देय नहीं होगा।
- अवकाश नियम (Leave Rules): अतिथि शिक्षकों को देय अवकाश NESTS की नवीनतम दिशा-निर्देशों के अधीन होंगे। NESTS द्वारा निर्धारित जो भी अवकाश अनुमेय होंगे, वे ही प्रदान किए जाएँगे। NESTS द्वारा निर्धारित अवकाश के अतिरिक्त, बिना पूर्व अनुमति या नियम विरुद्ध अनुपस्थित रहने पर प्रतिदिन के आधार पर मानदेय की कटौती की जाएगी।

3.2 आवासीय विद्यालय दायित्व एवं आचरण (Residential Duties & Conduct): चूँकि कर्मचारी EMRS एक पूर्णतः आवासीय (Fully Residential) स्थान है, अतः प्रत्येक अतिथि शिक्षक को कक्षा शिक्षण / मूल्यांकन के अतिरिक्त विद्यालय की नियम-समय-सारणी, छात्रावास प्रबंधन (Hostel Supervision), सायंकालीन उपचारात्मक कक्षाओं (Remedial Classes) के संचालन, खेलकूद, तथा विद्यालय एवं छात्रावास की अन्य

सभी सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों (Other Activities) में भी आवश्यकतानुसार कार्य सौंपा जा सकता है, जिसमें निर्धारित कक्षा शिक्षण करना अनिवार्य होगा। विद्यालय की आवासीय प्रशासनिक व्यवस्था को सुरक्षित रखना अनिवार्य है।

3.3 त्यागपत्र एवं अनुशासन (Resignation & Discipline): त्यागपत्र (Notice Period): यदि सेवा के दौरान अभ्यर्थी पद छोड़ना चाहता है, तो उसे कम से कम 30 दिन पूर्व लिखित सूचना प्राचार्य कार्यालय में प्रस्तुत करनी होगी, अन्यथा उसका अंतिम माह का मानदेय रोका या जब्त किया जा सकेगा।

झूठी जानकारी (False Information): आवेदन या दस्तावेज़ों में भ्रामक या कूटरचित जानकारी देने पर नियुक्ति तत्काल निरस्त होगी तथा नियमानुसार अभ्यर्थी के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।

3.4 प्रशासनिक शक्तियाँ (Administrative Powers): मुख्य प्राधिकारी / चयन समिति को बिना कोई कारण बताए या कारण बताकर प्रक्रिया की समय-सारणी में परिवर्तन, अभ्यर्थी चयन को संशोधित करने, प्रक्रिया को स्थगित करने अथवा पूर्ण रूप से निरस्त करने का प्रशासनिक सर्वाधिकार सुरक्षित रहेगा। चयन समिति / मुख्य प्राधिकारी का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा तथा उसे किसी के द्वारा चुनौती नहीं दी जा सकेगी। NESTS की नवीनतम दिशा-निर्देश सर्वोपरि माने जाएँगे।

अध्याय 4: आवेदन, सत्यापन एवं महत्वपूर्ण तिथियाँ

4.1 आवेदन प्रस्तुत करने की प्रक्रिया (Application Procedure):

ऑनलाइन माध्यम (Online): नीचे दिए गए QR Code को स्कैन करके अथवा नीचे दी गई लिंक के माध्यम से Google Form भरें एवं सबमिट करें।

Google Form Link & QR : https://forms.gle/JgdaQg5A44pQLAzp8

नोट :- ऑफलाईन माध्यम से कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किये जाएंगे।

संपर्क सूत्र: विद्यालय ई-मेल: emrschitrakoot@gmail.com | वेबसाइट: www.emrschitrakoot.org.in

4.2 दस्तावेज़ सत्यापन एवं संवीक्षा (Document Verification & Scrutiny): अपूर्ण, अपठनीय, बिना हस्ताक्षर वाले दस्तावेज़ों अथवा बिना प्रमाण के प्राप्त आवेदनों को बिना किसी अतिरिक्त सूचना के प्रारंभिक स्तर पर ही निरस्त कर दिया जाएगा। मेरिट सूची में शामिल सभी अभ्यर्थियों के मूल दस्तावेज़ों की भौतिक जाँच हेतु बुलाया जाएगा। कूटरचित (Forged) दस्तावेज़ प्रस्तुत करने पर अभ्यर्थी के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी।

4.3 महत्वपूर्ण तिथियाँ (Important Dates):

क्र.	प्रक्रिया / तिथि विवरण	दिनांक
1	अधिकृत विज्ञप्ति का सार्वजनिक प्रकाशन एवं आवेदन प्रारंभ	17-11-2026
2	आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि	21-11-2026
3	अनंतिम मेरिट सूची का प्रकाशन	बाद में सूचित किया जावेगा
4	मूल दस्तावेज़ सत्यापन (DV) एवं कार्यभार ग्रहण	बाद में सूचित किया जावेगा

4.4 विषयवार मेरिट एवं प्रतीक्षा सूची (Merit & Waiting List): चयन समिति द्वारा विषयवार (TGT हिंदी) अनंतिम मेरिट सूची तैयार की जाएगी। विज्ञापित पद के विरुद्ध की गई निर्धारित अनुपात में प्रतीक्षा सूची (Waiting List) भी तैयार की जाएगी। प्रतीक्षा सूची की वैधता केवल वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए ही रहेगी।

खण्ड - ख (SECTION-B): पद विशिष्ट भर्ती नियम (POST SPECIFIC RECRUITMENT RULES)

अध्याय 5 (भाग - क): TGT (हिंदी) हेतु नियम

यह अध्याय विशेष रूप से TGT (हिंदी) पद के लिए निर्धारित है। इसकी पात्रता एवं चयन प्रक्रिया इस पुस्तिका में उल्लेखित है। NESTS के नियमानुसार TGT (हिंदी) पद हेतु मूल्यांकन एवं मेरिट गणना इस खण्ड के अनुसार की जाएगी। CTET की अनिवार्यता इस भर्ती में उसी प्रकार लागू रहेगी जैसा NESTS Recruitment Rules में निर्धारित है।

5.1 पद विवरण एवं अनिवार्य योग्यता (Vacancy & Essential Qualification): कुल पद: 01 (आरक्षण लागू नहीं)।

अनिवार्य योग्यता (Essential Qualification - A, B एवं C तीनों पूर्ण होना आवश्यक है):

(A) संबंधित विषय (हिंदी) में स्नातक उपाधि: NCTE से मान्यता प्राप्त संस्थान से चार वर्षीय एकीकृत स्नातक पाठ्यक्रम, जिसमें सभी विषयों में अलग-अलग तथा कुल योग में कम से कम 50% अंक हों; अथवा मान्यता प्राप्त संस्थान से स्नातक (ऑनर्स) उपाधि जिसमें सभी विषयों में अलग-अलग तथा कुल योग में कम से कम 50% अंक हों; अथवा संबंधित विषय (हिंदी) में / हिंदी की किसी भी विशेषज्ञता के साथ स्नातकोत्तर उपाधि, जिसमें न्यूनतम 55% अंक अथवा समकक्ष ग्रेड हों, बशर्ते कि अभ्यर्थी ने नीचे दिए गए नोट में उल्लिखित विषय स्नातक स्तर पर अध्ययन किया हो।

(B) शिक्षा स्नातक (B.Ed.) उपाधि: NCTE से मान्यता प्राप्त संस्थान से कम से कम 50% अंकों के साथ B.Ed. उपाधि; अथवा NCTE मान्यता प्राप्त संस्थान से तीन वर्षीय एकीकृत B.Ed.-M.Ed. पाठ्यक्रम जिसमें न्यूनतम 50% अंक हों।

(C) CTET: भारत सरकार द्वारा आयोजित केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (Paper-II) उत्तीर्ण होना। विज्ञापन की अंतिम तिथि तक जारी CTET प्रमाणपत्र अनिवार्य है।

S.N.	Post	Educational Qualification - Essential	Desirable
1	TGT Hindi (1 post)	Essential Qualification (A, B and C): (A) Bachelor Graduation Degree in Subject: Four years integrated graduation degree course from NCTE recognized institution with at least 50% marks in all subjects individually as well as in the aggregate. OR Bachelors Honors Degree from a recognized institution with at least 50% marks in all subjects individually and also in aggregate. OR Post Graduation in concerned subject / any specialization in concerned subject with a minimum 55% marks or equivalent grade provided that the candidate has studied the subject(s) mentioned in the note below at the graduation level. (B) Bachelor Degree in Education: B.Ed. Degree from NCTE recognized institution with at least 50% marks OR Three years integrated B.Ed.-M.Ed. from NCTE recognized institution with at least 50% marks. (C) CTET: Qualified in the Central Teacher Eligibility Test (Paper-II) conducted by the Government of India. CTET certificate issued on or before the cutoff date is essential. Note: For four year integrated graduation degree course with B.Ed component, (B) is not necessary, however, at least 50% marks in all subjects individually and also in aggregate is mandatory. Studied Hindi as an Elective/Main subject in all the three years of graduation (Under graduate course).	1. Experience of working in a residential school. 2. Working knowledge of English and Hindi Language. 3. Studied Hindi as an elective/main subject in all 3 years of graduation (under graduate course).

नोट: बी.एड. घटक के साथ चार वर्षीय एकीकृत स्नातक पाठ्यक्रम की स्थिति में (B) आवश्यक नहीं है, परंतु सभी विषयों में अलग-अलग एवं कुल योग में न्यूनतम 50% अंक अनिवार्य हैं। स्नातक (Under Graduate) के तीनों वर्षों में हिंदी को ऐच्छिक / मुख्य विषय के रूप में अध्ययन किया हो।

Note: 1. If CTET qualified candidates are not available for the post of TGT (Hindi), STET qualified candidates may also be considered but no marks will be awarded for

CTET qualification criteria. 2. CTET qualified candidates will be given priority and preference above without CTET qualified candidates.

5.2 वांछनीय योग्यता (Desirable Qualification):

- आवासीय विद्यालय में कार्य करने का अनुभव।
- अंग्रेज़ी एवं हिंदी भाषा का कार्यसाधक ज्ञान।
- स्नातक (Under Graduate) के सभी 3 वर्षों में हिंदी को ऐच्छिक / मुख्य विषय के रूप में अध्ययन किया हो।

5.3 कुल अंक एवं भारांक प्रणाली - 100 अंक (NESTS Weightage System): इस पद का चयन पूर्णतः बिना किसी साक्षात्कार (No Interview) एवं बिना किसी लिखित परीक्षा के वस्तुनिष्ठ मेरिट के आधार पर होगा।

क्र.	योग्यता (Qualification)	अधिकतम अंक	अंक प्रदान करने का मापदंड (Criteria)
1	अनिवार्य योग्यता (Essential)	50 अंक	स्नातक (UG) या स्नातकोत्तर (PG) स्तर पर कुल प्रतिशत (जो भी अधिक हो) का 25% + स्नातक (ग्रेजुएशन) के तीनों वर्षों में मिलाकर संबंधित विषयों में प्राप्त प्रतिशत का 25%का 50%
2	B.Ed.	15 अंक	प्राप्त प्रतिशत का 15%
3	अगली उच्च योग्यता (Next Higher Qualification)	10 अंक	संबंधित विषय में प्राप्त प्रतिशत का 10%
4	CTET (Secondary)	10 अंक	प्राप्त प्रतिशत का 10%
5	कार्यानुभव (Experience)	15 अंक	अधिकतम 5 वर्ष का अनुभव गणनीय होगा। आवासीय शिक्षकों हेतु: प्रत्येक पूर्ण सत्र के 3 अंक। गैर-आवासीय शिक्षकों हेतु: प्रत्येक पूर्ण सत्र के 2 अंक।
	कुल योग (Total Score)	100 अंक	

सर्वाधिकार सुरक्षित (ALL RIGHTS RESERVED)

इस नियम पुस्तिका के अनुसार कक्षा शिक्षण हेतु कार्य एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय (EMRS) चित्रकूट की शैक्षणिक सत्र 2026-27 की अधिकृत भर्ती प्रक्रिया के विधिक संचालन हेतु प्रकाशित की गई है। इस भर्ती

प्रक्रिया में आवश्यकतानुसार चयन समिति के सदस्यों का संशोधन, परिवर्तन, समय-सारणी तथा रद्दीकरण, स्थगन अथवा निरस्तीकरण करने का प्रशासनिक सर्वाधिकार मुख्य प्राधिकारी / चयन समिति के पास सुरक्षित रहेगा। चयन समिति / मुख्य प्राधिकारी का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा तथा उसे किसी के द्वारा चुनौती नहीं दी जा सकेगी। इस नियम पुस्तिका की किसी भी सामग्री का अनधिकृत पुनर्प्रकाशन, परिवर्तन अथवा व्यावसायिक उपयोग मुख्य प्राधिकारी की पूर्व लिखित अनुमति के बिना प्रतिबंधित एवं दंडनीय है।